RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 102 • 24:04:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

## मौसम के मिजाज ने फिर डराया ! और बढ़ेगा संकट

### 40 डिग्री के पार होगा तापमान, अगले 5 दिन तक लू का कहर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू की मार ने लोगों को बेहाल कर दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का कहना है कि अभी इससे राहत मिलने के आसार नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में हीट वेव अगले 5 दिन तक जारी रहेगी। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति है और यह इस महीने में दूसरी बार है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 अप्रैल से ओडिशा में और 17 अप्रैल से पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में लू की स्थिति बनी हुई है। तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल और बिहार में उच्च आर्द्रता लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। आईएमडी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अगले 3 दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। दिल्ली में मंगलवार को दिन में आसमान साफ रहने और तेज हवा चलने का अनुमान जताया है। आज राजधानी में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 38 और 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। दिल्ली में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा, आने वाले दिनों में लू चलने की कोई संभावना नहीं है, लेकिन अगले तीन से चार दिन में दिल्ली का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। श्रीवास्तव ने कहा कि नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिमी भारत के करीब पहुंचेगा, लेकिन इसका राजधानी पर कोई असर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसलिए आने वाले सप्ताह में दिल्ली में आसमान साफ रहेगा और बारिश का भी कोई पूर्वानुमान नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल में देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः एक से तीन दिन की अवधि की तुलना में चार से आठ दिन लू रहने की संभावना है। पूरे अप्रैल-जून की अवधि में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में 10 से 20 दिन तक हीट वेव की संभावना है। यह स्थिति तब पैदा होती है, जब मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में 37 डिग्री और पर्वतीय क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

## अरे ये तो योगी बाबा हैं ! सीएम को देख बच्चे हुए 'अभिभूत'

### गोरखनाथ मंदिर में घूम रहे थे बच्चे, सीएम ने प्रेम से दुलारा, बांटे चॉकलेट



**गोरखपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में मौजूद हैं, ऐसे में गोरखनाथ मंदिर में अपने प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह परिसर में भ्रमण के समय छोटे-छोटे बच्चों को सामने देखकर उनका बालप्रेम फिर जाग उठा। वह बच्चों के पास गए, उन्हें अपने हाथों से चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया और उनका हाल-चाल जाना। लोक सभा चुनाव 2024 के सिलसिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार चुनावी दौरा कर रहे हैं। कई जगह उनकी सभाएं आयोजित है। ऐसे में किसी विशेष अवसर पर गोरखनाथ मंदिर आना नहीं भूलते। नवरात्र के दौरान भी उनका गोरखपुर आना-जाना लगा रहा। इसी बीच सोमवार की शाम को वह एक बार फिर गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे, क्योंकि मंगलवार को हनुमान जयंती थी।

## आपका विज्ञापन तो इस माफीनामे से बड़ा होता है

- **पतंजलि और बाबा रामदेव को एससी ने फिर सुनाया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पतंजलि आयुर्वेद की ओर से अपनी दवा कोरोनिल को कोरोना से निपटने वाली औषधि बताए जाने के प्रचार पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फिर लताड़ लगाई। अदालत ने इस मामले में पतंजलि आयुर्वेद और बाबा रामदेव से कहा था कि वे इस मामले में सार्वजनिक माफी मांगें। इससे पहले बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अदालत में हाथ जोड़कर माफी मांगी थी। लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था। इसके बाद बाबा रामदेव ने कहा था कि हम सार्वजनिक माफी के लिए तैयार हैं। इसके बाद अदालत ने एक सप्ताह का वक्त दिया था। अब कोर्ट में फिर से पेशी हुई तो अदालत ने अखबारों में छपे माफीनामे पर ही



सवाल उठा दिया। इस दौरान बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण खुद भी अदालत परिसर में मौजूद थे। बेंच ने सवाल किया कि आखिर माफीनाम कल ही क्यों प्रकाशित कराया गया। इसके अलावा बेंच ने यह भी सवाल उठाया कि क्या आपका माफीनाम उतना बड़ा ही छपा है, जितना बड़ा विज्ञापन होता है। इस पर पतंजलि आयुर्वेद के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि इस माफीनामे में सुप्रीम कोर्ट में वकीलों की पेशी के बाद भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करने और विज्ञापन में गलत दावा करने पर माफी मांगी गई है। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट की ओर से विज्ञापन और माफीनामे के साइज को लेकर जब सवाल उठाया गया तो उन्होंने कहा कि इसके प्रकाशन में 10 लाख रुपये का खर्च आया है। बाबा रामदेव के वकील ने बताया कि हमने कल कई अखबारों में माफीनामा छपवाया है।

## तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर बने 'जीवन' के लिए संकट

### सैटेलाइट तस्वीरों से इसरो ने खोला राज, मिल रहे परिवर्तन के संकेत

### बढ़ रही 'जल-प्रलय' की आशंका, हिमालय ने बजाई खतरे की 'घंटी'





**बेंगलुरु (एजेंसी)।** सदियों से हिमालय भारत का सिरमौर रहा है। यह भारत का प्राकृतिक प्रहरी रहा है, जलवायु विभाजक भी है। साइबेरिया से आने वाली ढंडी बयारों को रोककर भारत में एक अलग जलवायु तंत्र बनाने वाला भी रहा है लेकिन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की नई रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि जल्द ही उत्तर का यह मस्तक और प्रहरी देश में प्रलय मचा सकता है। हिमालय को बड़े-बड़े ग्लेशियर और बर्फ के विशाल टीलों की वजह से तीसरा ध्रुव भी कहा जाता है। इसरो ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हिमालय के ये ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। इसरो ने सोमवार को कहा कि दशकों की उपग्रह इमेजरी का विश्लेषण करने वाले नए शोध से पता चला है कि भारतीय हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियर खतरनाक दर से पिघल रहे हैं, जिससे हिमालयी इलाके में बने हिमनदीय झीलों का विस्तार हो रहा है। बता दें कि ये ग्लेशियर और ग्लेशियल झीलें उत्तर भारत की सभी प्रमुख नदियों के जलस्त्रोत रहे हैं। दुनियाभर में हुए शोधों से पता चला है कि दुनियाभर के ऊंचे पहाड़ों-पर्वतों पर के ग्लेशियर 18वीं सदी के औद्योगीकरण के बाद से ही तेजी से पिघल रहे हैं और वे अपने स्थानों से पीछे हट रहे हैं। यानी जहां आज ग्लेशियर हैं, वहां उसका वजूद खत्म हो रहा है। ग्लेशियर के पीछे हटने से वहां झील का निर्माण होता है। इसरो की रिपोर्ट में कहा गया है कि ये झीलें कई बार बड़ा जोखिम भी पैदा करते हैं। यानी कई बार ग्लेशियल लेक फट जाते हैं, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ जाती है जो समुदायों के लिए विनाशकारी परिणाम लाते हैं। इसरो की रिपोर्ट में कहा गया है कि 1984 से 2023 तक ग्लेशियर्स के सैटेलाइट डेटा हैं, जिनमें यह बात सामने आई है कि 2016-17 में नदी घाटियों में 10 हेक्टेयर से बड़ी कुल 2,431 हिमनद झीले थीं। 1984 के बाद से इस क्षेत्र में आश्चर्यजनक रूप से 676 झीलें विकसित हो गई हैं। इनमें 130 झीलें भारत के अंदर हैं।

## ये मोदी की गारंटी है, देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा

- राजस्थान के टोंक में बोले पीएम, कांग्रेस के मेनीफेस्टों पर फिर घेरा
- पीएम मोदी ने कहा-कांग्रेस राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह
- ये सिर्फ मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं, इनकी सोच में तुष्टिकरण



**टोंक (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कहा है कि देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा। उन्होंने राजस्थान के उनियारा (टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा) में कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति की रही है। वो दलित-आदिवासियों को मिले आरक्षण को कम करके मुसलमानों को देना चाहती है। साल 2004 में कांग्रेस ने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एससी-एसटी के आरक्षण में कमी करके मुस्लमानों को रिजर्वेशन देने की कोशिश की गई। ये एक पायलट प्रोजेक्ट था। जिसे बाद में पूरे देश में लागू करने की प्लानिंग थी, लेकिन मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद 2011 में फिर से देश में इसे लागू करने की कोशिश हुई। कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, लेकिन हमने ऐसा नहीं होने दिया। क्या कांग्रेस अब देश की जनता को वादा करेगी कि वो उस आरक्षण को मुसलमानों में नहीं बांटेगी। मोदी ने कहा कि यदि 2014 के बाद भी कांग्रेस होती तो सरहद पर सैनिकों के सिर काटे जा रहे होते और बम ब्लास्ट हो रहे होते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में तो हनुमान चालीसा पढ़ना-सुनना भी गुनाह हो गया है। कर्नाटक में इसीलिए एक युवक को पीटा गया। राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी तो यहां रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा पर ही प्रतिबंध लगाया गया था। जब कर्नाटक में बीजेपी सरकार थी तो हमने सबसे पहला काम किया कि उन्होंने जो एससी, एसटी से आरक्षण छीनकर मुस्लिम कोटा निकाला था उसे खत्म किया। जिसका हक था उसे सुरक्षित रखा, लेकिन कांग्रेस इससे आग बबूला हो गई..। मोदी संविधान को समझता है, बाबा साहेब अंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है। साथियों..सच्चाई ये है कि कांग्रेस और इंडी अलायंस जब सत्ता में था तो ये लोग दलितों और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करके वोट बैंक पॉलिटिक्स के लिए उनकी खास जमात को अलग से आरक्षण देना चाहते थे। जबकि संविधान इसके खिलाफ है। आरक्षण का हक बाबा साहेब ने दलित, आदिवासी, पिछड़ों को दिया, कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे। कांग्रेस अपने वोट बैंक पॉलिटिक्स के दलदल में में इतनी फंसी हुई है कि उसे बाबा साहेब के संविधान की भी परवाह नहीं है। उन्होंने मेनिफेस्टो में लिखा है आपकी संपत्ति का सर्वे करेंगे। हमारी माता-बहनों के मंगलसूत्र का सर्वे करेंगे। उनके नेता ने कहा कि एक्स-रे किया जाएगा। मतलब आपके घर के बाजरे के डिब्बे, दीवार में रखा है तो वे एक्स-रे कर खोजा जाएगा।

## मलेशिया के 2 नेवी हेलीकॉप्टर टकराए, 10 की मौत

### परेड रिहर्सल में हादसा, एक हेलीकॉप्टर स्विमिंग पूल, दूसरा स्टेडियम में गिरा

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** मलेशियाई नेवी के 2 हेलीकॉप्टर मंगलवार को हवा में टकरा गए। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है। मलेशियाई नेवी ने बताया कि रॉयल मलेशियन नेवी परेड की रिहर्सल के दौरान यह हादसा हुआ। मारे गए सभी लोग नेवी के क्रू मेंबर्स थे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हादसा मंगलवार सुबह 9.30 बजे पेराक में लुमुत नेवल बेस पर हुआ। सभी शवों को लुमुत एयरबेस के अस्पताल भेजा गया है, जहां इनकी पहचान की जाएगी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, मरने वाले सभी लोगों की उम्र 40 साल से कम है। हेलीकॉप्टर्स की टक्कर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मलेशियन फ्री प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, नेवी की 90वीं सालगिरह पर परेड के लिए रिहर्सल चल रही थी तभी यह हुआ।



## भारत और चीन के बीच फिर लिपूलेख दर्रे पर बढ़ेगी टेंशन !

- **इस साल भी नहीं शुरू होगा कारोबार, कई लोगों की जुड़ी है आजीविका**

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में लिपूलेख दर्रे से इस बार भी भारत-चीन के बीच कारोबार शुरू नहीं हो पाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय कारोबार से कई स्थानीय कारोबारियों की आजीविका जुड़ी हुई है। चौथे साल भी कारोबार शुरू नहीं होने से व्यापारी निराश हैं। समुद्र तल से 17 हजार फीट की ऊंचाई पर लिपूलेख दर्रे से भारत-चीन के बीच कारोबार प्राचीन समय से होता आ रहा है।



वस्तु विनिमय आधारित इस कारोबार में समय के साथ मुद्रा का चलन प्रारंभ हुआ। इस व्यापार ने भारत और चीन दोनों देशों के सीमा के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जरूरत का सामान देने के साथ ही उनकी आजीविका विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 25 अक्टूबर 2019 में इस अंतराष्ट्रीय कारोबार में शामिल भारतीय दल के वापस लौटने के बाद यह कारोबार अब तक शुरू नहीं हो सका है। 2020 में चीन में कोरोना के कहर के बाद यह व्यापार अब तक शुरू करने की कोशिश भी नहीं हुई है। यह स्थिति तब है जब भारत और चीन के बीच अन्य मार्गों से अरबों का कारोबार हो रहा है। सीमांत के कारोबारियों ने कहा कि इस बार भी अंतरराष्ट्रीय कारोबार शुरू करने को केन्द्र सरकार ने कोई प्रयास नहीं किए। जनवरी से ही इस कारोबार की अन्य सालों में तैयारी शुरू हो जाती थी। इस बार अब तक कोई तैयारी नहीं है। वैसे ही पिछले चार साल से कारोबार नहीं होने से व्यापारियों के सामने आजीविका का गंभीर संकट है। उच्च हिमालयी गांवों के लोगों के लिए यह कारोबार साल भर की आजीविका का प्रमुख स्रोत रहा है।

## जीजा जी की नजर है, सीट पर रूमाल रखना होगा

### स्मृति इरानी का राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा पर तंज

**अमेठी (एजेंसी)।** कांग्रेस ने अमेठी लोकसभा सीट से अब तक अपने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है। चर्चा है कि वायनाड लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद अमेठी पर कांग्रेस फैसला कर सकती है। ऐसा इसलिए ताकि वायनाड पर फोकस करने के बाद कांग्रेस की टीम अमेठी पर जुट जाए। एक साथ दो मोर्चों पर डटने से कांग्रेस बचना चाहती है। इस बीच स्मृति इरानी ने राहुल गांधी और उनके जीजा रॉबर्ट वाड्रा पर तंज कसा है। स्मृति इरानी ने कहा कि मैंने अमेठी में 5 सालों में ही इतना काम किया है, जितना राहुल गांधी 15 साल में नहीं कर सके थे। स्मृति इरानी ने अमेठी से राहुल गांधी को बेदखल करते हुए 2019 में जीत हासिल कर ली थी। अमेठी लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान होना है। वहीं रॉबर्ट वाड्रा भी अमेठी लोकसभा सीट से अपनी दावेदारी ठोक चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा था कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि मैं उनका प्रतिनिधित्व करूं। मुझे बड़ी संख्या में लोगों के फोन आते हैं। मैं राहुल गांधी के लिए चुनाव प्रचार करने अमेठी जाता भी रहा हूं। उनके इसी बयान पर स्मृति इरानी ने तंज कसा है। उन्होंने अमेठी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जीजा जी की नजर है। साले साहब क्या करेंगे। एक समय था, जब लोगों बसों में सफर करते थे तो सीट पर रुमाल रख देते थे ताकि कोई और न बैठ जाए।

### जेल में ही कटेंगे सीएम अरविंद केजरीवाल के दिन

## अदालत ने फिर बढ़ाई न्यायिक हिरासत, अब 7 मई को सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले के आरोपियों को राहत नहीं मिल रही है। अब अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत फिर से बढ़ा दी है। सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी गई है। इसी के साथ अदालत ने शराब घोटाले के अन्य आरोपियों बीआएस नेता के कविता और चनप्रीत सिंह की भी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पेशी अब 7 मई को दोपहर 2 बजे होगी। बताया जा रहा है कि कथित शराब घोटाले में ईडी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग वाले केस में आरोपी बनाए गए सीएम अरविंद केजरीवाल और चनप्रीत सिंह की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में हुई थी। इनके अलावा बीआरएस नेता के कविता भी वर्चुअली अदालत में मौजूद थीं। तीनों ही आरोपी तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे। के कविता की न्यायिक हिरासत सीबीआई से जुड़े केस में बढ़ाई गई है। के कविता की



न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है। इससे पहले अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई थी। सीएम की न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें जज कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था। जज ने अब केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाए जाने का आदेश दिया है।

# भागलपुर में सीएम नीतीश बोले-एक आदमी को बनाने में हमारी ही भूमिका थी..गलती हो गई




**भागलपुर, एजेंसी।** मेरी मूर्खता की वजह से लालू परिवार को 15 साल बिहार में राज करने का अवसर मिला। ये कहना है बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का। सीएम नीतीश सोमवार को अजय मंडल के पक्ष में भागलपुर में जनसभा कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने लालू यादव पर निशाना साधा। सभा में पहुंचे लोगों को पुराने दिन की याद दिलाते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि 2005 में जब हम आए, तब से काम कर रहे हैं। हमारा संबंध भाजपा से पुराना है। 1995 से है। बीच में किसी के साथ चले गए थे। जब गड़बड़ करने लगा तो छोड़ दिए। हम हमेशा से भाजपा के साथ हैं। लालू प्रसाद का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि एक आदमी को बनाने में हमारी ही भूमिका थी। कौन लेकर आया उनको, मैं लेकर आया। नहीं तो उनको कोई पूछने नहीं वाला था। उन्होंने 15 साल राज किया। मेरी ही गलती थी। मूर्खता थी हमारी। 15 साल क्या किया उन्होंने। सीएम नीतीश ने कहा कि वो ब्याह किए। बाद में बाल-बच्चा, बेटा-बेटी में लगे रहे। यही काम किए। अपने भाषण के दौरान सीएम नीतीश बार-बार ये दोहराते रहे कि मेरी गलती थी कि 15 साल लालू परिवार को बिहार में राज करने का मौका मिल गया।

**40 की 40 सीट जीतेंगे- सीएम नीतीश :** मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि बिहार में हम 40 की 40 और देश में 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। कोई भी जाति का हो सबका उत्थान किए। पैसा विपक्ष वाला कमाता है। कोई काम नहीं करता है। उन्होंने कहा कि अजय मंडल को माला पहना रहे हैं, इनको विजयी बनाएं। मंच पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंत्री संजय चौधरी, मंत्री संजय झा, मंत्री सुनील कुमार प्रत्याशी अजय मंडल मौजूद थे। सीएम नीतीश आज भागलपुर में रोड शो करेंगे। भागलपुर में सीएम नीतीश ने लालू परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि %इतना ज्यादा पैदा करना चाहिए किसी को, बाल बच्चा? क्या कोई इतने सारे बच्चे पैदा करता है? नीतीश कुमार साफ तौर से लालू यादव की नौ संतानों की ओर इशारा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले बेटों को बढ़ावा दिया गया था और अब बेटियों की बारी है। सीएम ने कहा कि अब तो महिलाएं शाम होने के बाद भी घर से बाहर निकलती हैं। जब लालू की सरकार थी तो महिलाएं या आम लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। तेजस्वी यादव को डिप्टी सीएम बना दिए तो गड़बड़ करने लगे। दो-तीन बार गड़बड़ करते पकड़े गए। इसके बाद इसका भी साथ छोड़ दिया। इस दौरान एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल के पक्ष में वोट देने की अपील की। करीब छह महीने पहले सीएम नीतीश ने ऐसे ही शब्द पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के लिए कहे थे। दरअसल, पिछले साल नवंबर में शीतकालीन सत्र के दौरान बिहार विधानसभा में सीएम नीतीश कुमार और पूर्व जीतन राम मांझी के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। सत्र के दौरान मांझी आरक्षण की समीक्षा की मांग कर रहे थे। तभी सीएम ने उन्हें बीच में ही टोका और कहा- मेरी मूर्खता से ये मुख्यमंत्री बने थे। इसे राज्यपाल बनने की चाहत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीरपैंती में किया गया फ्लैग मार्च

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक कराने के लिए सोमवार को बाइक और चार पहिया वाहनों से पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों, सीआरपीएफ, बीएसएफ के जवानों ने पीरपैंती थानाक्षेत्र के दर्जनों गांवों में फ्लैग मार्च किया। एसडीपीओ कहलगांव 2 अर्जुन कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, पीरपैंती थानाध्यक्ष नीरज कुमार के साथ सभी पुलिस पदाधिकारियों सीआरपीएफ, बीएसएफ एवं पुलिस बलों ने किया। पदाधिकारियों ने लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने कहा। दूसरी तरफ बीडीओ अभिमन्यु कुमार भी टोली गठित कर वाहनों की धर पकड़ में जुटे हैं।

### वृद्धा हरिया देवी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** परबत्ता थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी जिया लाल यादव की 70 वर्षीय पत्नी हरिया देवी की हत्या के मामले में परबत्ता पुलिस ने नामजद मुख्य आरोपी मोनी कुमारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी को लेकर नवगछिया एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है, कि मृतका के पुत्र सिंटू यादव के बयान पर मोनी कुमारी पर मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद परबत्ता पुलिस ने एफएसएल की टीम के साथ डीईओयू की टीम ने छापेमारी की थी। मोनी कुमारी को जगतपुर गांव से उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। मोनी कुमारी की जांच में पाया कि मृतका के नाखून, बाल और पहने हुए कपड़े से मृतका हरिया देवी के ब्लड के निशान मिले हैं। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि दो दिन पूर्व मृतका का मोनी कुमारी की बकरी हरिया देवी के खेत में लगे भुट्टे को खा गई थी। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसी से आक्रोशित होकर दूसरे दिन बासा पर पर सोये अवस्था में हरिया देवी की ईट-पत्थर से सिर कूंचकर अधमरा कर दिया। जब वह नहीं मरी तो वहीं पर रखा धारदार हथियार से गला रेत दिया। लाश को छुपाने के लिए बासा पर उसे रख बिछावन से लपेट दिया था। एसपी ने बताया कि गिरफ्तारी एवं उद्वेदन को लेकर संबंधित सभी पुलिस पदाधिकारी को पुरस्कृत किया जाएगा।

### आग लगने से दो घर जले, महिला झुलसी

**भागलपुर/गोराडीह, एजेंसी।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कोलानारायणपुर गांव में आग लगने से दो घर राख हो गये। वहीं चपेट में आने से एक महिला झुलस गयी। उसे इलाज के लिए जगदीशपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है। आग से नर्मदा देवी और सुशील यादव का कच्चा पूरी तरह जल गया। घर में रखा अनाज, बर्तन, कपड़े, नकदी सहित सभी सामान जल गया। ग्रामीणों ने आग को काबू किया। वहीं सूचना पाकर अग्निशमन की गाड़ी भी मौके पर पहुंचे और आग को पूरीत तरह बुझाया। सुशील यादव ने थाने में आवेदन देकर मुआवजे की गुहार लगाई है। उसने पुलिस को बताया कि शॉट सर्किट से पहले नर्मदा देवी के घर में आग लगी। जबतक लोग कुछ समझ पाते आग मेरे घर में पकड़ ली। कहा कि आग पत्नी आशा देवी भी झुलस गयी। वहीं थानाध्यक्ष गणेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रेन में महिला यात्री का छुपा बैग आरपीएफ ने खोज निकाला

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** आरपीएफ ने एक लडकी का ट्रेन में छूटा बैग को बरामद कर उसे सौंपा। बताया गया कि अप गया पसेंजर में घोघा की एक महिला यात्री प्रिति का समान रखा बैग ट्रेन में जुट गया। महिला यात्री ने रेल मदद में शिकायत की। आरपीएफ के एस आई उमेश कुमार वर्मा ने सर्च कर समान भरा बैग खोज निकाला। महिला को सूचना दी गई।जो सोमवार को अपने पिता के साथ आरपीएफ पोस्ट पहुंच कर अपना समान पहचान कर प्राप्त किया। समान पाकर खुश हुई महिला आरपीएफ को धन्यवाद दिया।

## गोपालगंज में दुल्हन के दादा-मामा-भाई की सड़क हादसे में मौत

### छपरा से तिलक चढ़ाकर लौट रहा था परिवार, ट्रक से टकराई कार, 7 घायल

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। होनेवाली दुल्हन का तिलक चढ़ाकर लौट रहे दादा, मामा और भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी छपरा से लौट रहे थे। इसी दौरान कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। मरनेवालों में एक बच्चा भी है। परिवार के 10 लोग एक कार से तिलक चढ़ाने गए थे। लौटने के दौरान हादसा हुआ, जख्मी लोगों में 2 की स्थिति नाजुक है।

जिन्हें गोरखपुर रेफर किया गया है। मृतकों में सिधवलिया थाना क्षेत्र के बुचिया कली टोला गांव निवासी परमेश्वर राम का 3 साल का बेटा रेयांस कुमार (दुल्हन का भाई), सूरज राम (65) (दादा) और छपरा के गोरिया कोठी निवासी शंकर कुमार (25) (मामा) शामिल हैं। घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खैरा आजम गांव के पास की है। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात लोग जख्मी हो गए। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को और जख्मी लोगों को कार से बाहर निकाला।

**छपरा में तिलक चढ़ाकर लौट रहे थे सभी :** सिवालिया थाना क्षेत्र के बुचिया गांव निवासी रामकांत राम की बेटी की शादी छपरा के सिसवा गांव में तय हुई। सोमवार को तिलक चढ़ाने के लिए कार से करीब 10 लोग छपरा के सिसवा गए थे। तिलक




चढ़ाकर सभी लोग वापस लौट रहे थे। तभी मंगलवार की अहले सुबह 3 बजे कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। घायलों में ड्राइवर के साथ-साथ दुल्हन के परिवार के लोग शामिल हैं।

### घायलों का इमरजेंसी में चल रहा इलाज

जख्मी लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने परमेश्वर राम की 12 साल की बेटी प्रीति, मजिस्टर राम के बेटे गोविंदा कुमार को गोरखपुर रेफर कर दिया। वही, रमाकांत राम का बेटा सचिन कुमार, स्व. जगदीश राम के बेटा राजा कुमार राम, परमेश्वर राम की 7 साल की बेटी सिमरन, 6 साल का बेटा ऋषभ और 8 साल की बेटी प्रिंसी बुरी तरह से जख्मी हो गए। जिनका इलाज डॉक्टर की देखरेख में सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चल चल रहा है। वैकुंठपुर थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। कुछ लोग जख्मी हैं। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया चल रही है। घायलों का इलाज चल रहा।

## गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से लगी आग, लाखों का नुकसान, खाना बनाने के दौरान हुआ हादसा

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर जिले के जोकसर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर कॉलोनी में सोमवार की देर रात भीषण आग लग गई। आग अंबेडकर नगर कॉलोनी स्थित तीन मंजिला मकान के तीसरे तल्ले पर लगी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि खाना बनाने के दौरान हादसा हुआ। इसी दौरान धीरे-धीरे आग ने भयावह रूप ले लिया और सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। लोगों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की। लेकिन घंटों बाद भी आग पर काबू नहीं पाया गया। देखते ही देखते तीसरे तल्ले पर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक बड़ी और एक छोटी गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची, जिसके बाद कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया।

### घटनास्थल के पास ही आबकारी विभाग का ऑफिस

घटनास्थल से सटे आबकारी विभाग का कार्यालय है, जहां भंडारण किए गए शराब को मालखाने में रखा जाता है। आग लगने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू



पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद फायर ब्रिगेड के साथ स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने में काफी मदद किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि खाना बनाने के दौरान छोटे सिलेंडर से चिंगारी निकली, जिसके बाद पास में रखे सामान में आग पकड़ लिया और खाना बना रही महिला जब तक परिजनों को इसकी जानकारी देती, तब तक आग ने भयंकर रूप ले लिया था। बताया जा रहा है कि छोटे सिलेंडर ब्लास्ट हो जाने के कारण आग और ज्यादा बढ़ गया। हादसे में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना बजरंगी दास के घर का है। घर में उनके तीन बेटे रहते हैं तीनों गुपचुप बेचकर अपना जीवनयापन करते हैं।

## बिहार के चुनावी समर में अब जेपी नड्डा की एंट्री, आज भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में रैली



**भागलपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच बिहार में बीजेपी के बड़े नेता जोर शोर से प्रचार में जुटे हैं। अब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बिहार में चुनावी रैली करने जा रहे हैं। बुधवार 24 अप्रैल को वे एक ही दिन में तीन चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में एनडीए उम्मीदवारों के लिए वोट मांगते हुए नजर आएंगे। लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद नड्डा का यह पहला बिहार दौरा होगा। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार राज्य में चुनावी रैलियां करके प्रचार में जुटे हैं। जानकारी के मुताबिक बुधवार को जेपी नड्डा की भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में रैली होगी। स्थानीय पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ता इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। नड्डा बुधवार को खगड़िया के गोगरी एवं झंझारपुर लोकसभा सीट अंतर्गत मधुबनी जिले के राजनगर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अवावा भागलपुर में भी उनकी रैली होगी, इसकी जानकारी बीजेपी की ओर से मंगलवार को दी जाएगी। खगड़िया में बीजेपी के मीडिया प्रभारी मनीष कुमार राय ने बताया कि जेपी नड्डा गोगरी स्थित भगवान हाईस्कूल के मैदान में बुधवार को रैली करेंगे। इस दौरान वे चिराग पासवान की पार्टी लोजपा रामविलास से प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में वोट मांगते हुए नजर आएंगे। एनडीए के नेताओं की ओर से नड्डा की सभा को लेकर काफी उत्साह है। दिलचस्प बात यह है कि जेपी नड्डा बुधवार को जिन तीन सीटों पर रैलियां करने जा रहे हैं, वहां बीजेपी सीधे तौर पर चुनाव नहीं लड़ रही है। भागलपुर से बीजेपी की सहयोगी जेडीयू से अजय मंडल चुनावी मैदान में हैं। झंझारपुर से भी जेडीयू से रामप्रीत मंडल चुनाव लड़ रहे हैं। खगड़िया से लोजपा रामविलास से राजेश वर्मा कैंडिडेट हैं।

## पटना जंक्शन के पास बम की सूचना से हड़कंप, लावारिस सूटकेस से 6 घंटे तक अटकी रही सांसें

**पटना, एजेंसी।** पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन के करीब सोमवार की शाम साढ़े छह बजे एक लावारिस सूटकेस पड़ा होने से हड़कंप मच गया। सूटकेस के अंदर बम होने की आशंका ने लोगों की सांसें रोक दीं। करीब छह 6 तक हड़कंप मचा रहा। स्थानीय लोगों ने पुलिस को लावारिस बैग मिलने की खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बम स्क्वॉड और श्वान दस्ते को बुलाया। आखिर में एटीएस का बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। रात करीब 1ः15 बजे गहन जांच के बाद जब सूटकेस खोला गया तो उसमें से साढ़े सात हजार रुपये नकद, कपड़े एवं मिठाई का डिब्बा मिला। मिठाई के डिब्बे पर बेगूसराय के एक दुकान का नाम लिखा है।

इसके पहले मौके पर पहुंची एटीएस की टीम ने करीब तीन घंटे तक जांच की। स्कैनर से भी जांच की गई। पुलिस ने जमाल रोड मोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। फुटेज में दिखा कि एक व्यक्ति ने पहले चारों ओर देखा। फिर सूटकेस को वहां रखकर चला गया। इसके बाद एटीएस ने दोबारा स्कैनर से



जांच की तो सूटकेस में किसी मेटल के होने की जानकारी मिली। देर रात करीब 12ः30 बजे तक पुलिस के तमाम बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे। बालू लगे कई बोरे भी मंगवाए गए। सूटकेस को रस्सी से खींचकर भी देखा गया। पर कुछ पता नहीं चला। करीब 6 घंटे के बाद एटीएस सूटकेस को अपने साथ लेकर चली गई।

पटना जंक्शन के करीब संदिग्ध सूटकेस मिलने से वहां लगभग सात घंटे तक पूरे इलाके में अफरातफरी मची रही। जिस जगह लावारिस सूटकेस मिला वहां आसपास कई बड़े होटल और जंक्शन भी हैं। लावारिस सूटकेस मिलने की खबर के बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। आते-जाते राहगीर भी गाड़ी रोककर पुलिस बल और वहां पड़े संदिग्ध सूटकेस को देख रहे थे। पुलिसकर्मी भीड़ को हटाने में जुटे रहे। देर रात सवा एक बजे पटना पुलिस और एटीएस की टीम सूटकेस को लेकर जेपी गंगा पथ के पास नदी घाट पर पहुंची। वहां सूटकेस को खोला गया जिसमें से कोई संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। इससे पहले शाम साढ़े छह बजे संदिग्ध सूटकेस मिलने के कुछ घंटे बाद जब पुलिस को ऐसा लगा कि इसमें विस्फोटक हो सकता है तो चारों ओर बांस लगाकर घेराबंदी कर दी गई। जमाल रोड मोड़ और गोरिया टोली के सामने के इलाके में आवागमन भी रोक दिया गया। वहीं चारों ओर भारी संख्या में पुलिस बल को देखकर राहगीर और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। जैसे आसपास के लोगों को पता चला कि एक संदिग्ध सूटकेस बरामद हुआ है, वहां भीड़ जुटने लगी। लोग यह जानना चाह रहे थे कि सूटकेस के अंदर आखिर है क्या। बीच-बीच में लोग बांस से की गई घेराबंदी में भी घुस जा रहे थे। वहां तैनात पुलिस के जवान अंदर आ रहे लोगों को बाहर की ओर निकाल रहे थे। जैसे ही पुलिस ने बालू के बोरे मंगवाए, भीड़ और बढ़ने लगी। साथ ही लोग चिंतित नजर आने लगे। खुसुर-फुसुर होने लगी कि सूटकेस में कोई संदिग्ध वस्तु है।

## गोराडीह में संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत, हत्या की आशंका



**भागलपुर/गोराडीह, एजेंसी।** गोराडीह थाना क्षेत्र के गंगटी गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। उसके मायके वालों ने बेटी की हत्या का आरोप लगाया हैं। घटना रविवार देर रात्रि की बतायी जा रही है। घटना की सूचना पाकर गोराडीह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इसके बाद छानबीन शुरू कर दी गयी। वहीं मृतका के ससुर श्याम मंडल को हिरासत में ले लिया गया। मृतक महिला की पहचान शालीग्राम कुमार उर्फ सन्नी की 25 वर्षीय पत्नी फूलो कुमारी के रूप हुई। मृतका के गले, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर जख्म के निशान मिले हैं। जिससे पीट पीटकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं महिला के ससुराल वाले जहर खाने की बात पुलिस को बता रहें हैं। उसके ससुर ने पुलिस को बताया कि घरेलू विवाद में महिला ने देर रात जहर खा ली थी। इलाज के लिए किसी निजी अस्पताल में भी ले गये थे। वहीं मृतका के मायके जगदीशपुर थाना क्षेत्र के वादे लौंगाय से आए माता-पिता और बहन ने पुलिस को हत्या की बात कही। मृतका के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी आठ वर्ष पहले शालीग्राम से शादी हुई थी। एक पांच वर्ष का पुत्र और तीन वर्ष की पुत्री है। लेकिन इसके ससुराल वाले हमेशा महिला के साथ मारपीट और प्रताड़ित करते रहते थे। इसका पति बाहर मजदूरी करता है लेकिन वह भी दुर्व्यवहार करता था। साथ ही आरोप लगाया कि उसके ससुर, सास और देवर ने मिलकर रात में हत्या कर दी।

### पुत्र ने भी बताया मारने की बातॉ

मृतक महिला के पांच वर्षीय पुत्र ने भी पुलिस को मां को मारने की बात बताई। वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था लेकिन जब पुलिस ने उससे पूछा तो उसने डरे सहमे बताया कि मम्मी को दादा, दादी और चाचा ने मारा। वहीं घटना को लेकर गांव में भी कई तरह की चर्चाएं हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि देर रात घर में झगड़ा हो रहा था लेकिन हमलोगों को कारण पता नहीं चल पाया है। सुबह महिला की मरने की सूचना मिली। वहीं कुछ लोग दबी जुबान से विवाद के बाद जहर खाने की भी बात कर रहे थे। थानाध्यक्ष शांता सुमन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी परिजनों ने आवेदन नहीं दिया है। आवेदन देने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो जाएगा।

## बिहार में इस हफ्ते पड़ेगी भीषण गर्मी, मौसम विभाग की हीटवेव की चेतावनी




**पटना, एजेंसी।** बिहार में सोमवार को बादल छाए रहने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मगर अब तापमान में बढ़ोतरी के आसार जताए जा रहे हैं। राजधानी पटना में मंगलवार को सुबह भी बादल छाए रहने की संभावना है, लेकिन दोपहर तक गर्मी का एहसास होने लगेगा। अन्य जिलों में भी पारा बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने बुधवार 24 अप्रैल से दक्षिण बिहार में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस हफ्ते भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार तक राज्यभर के अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने के आसार हैं। दक्षिण बिहार और राज्य के उत्तर-पश्चिम भाग के जिलों में 24 से 26 अप्रैल के बीच हॉट-डे (उष्ण दिवस) और हीट-वेव (लू) चलने के आसार हैं। रडार और उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार रविवार देर शाम से उत्तर-पछुआ हवा में दक्षिण-पछुआ हवा का मिश्रण होने से अरब सागर से नमी का प्रवाह हो रहा है। इससे सूबे के अधिकतर शहरों में सोमवार को बादल छाए रहे। राजधानी सहित प्रदेश के 25 शहरों का अधिकतम पारा 6.4 डिग्री सेल्सियस तक गिरा। वहीं 6 शहरों का अधिकतम तापमान चढ़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नतनी की शादी से लौट रहे नाना की मौत, बालू लदे ट्रक ने रौंदा, हादसे के बाद ट्रक चालक फरार

**हाजीपुर।** वैशाली में नतनी की शादी समारोह से घर लौट रहे नाना की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची महुआ थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। घटना महुआ थाना क्षेत्र के फुरार चौक हनुमान मंदिर के पास सोमवार देर रात की है। मृतक की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पञ्चायत निवासी स्व. राम बरन सहनी के 65 वर्षीय पुत्र विजय सहनी के रूप में हुई है। जो अपने नतनी की शादी 21 अप्रैल को बेटी के घर करपूर्वा गए हुए थे। शादी समारोह समाप्त होने पर वे अपने घर लौट रहे थे। तभी बालू लदे ट्रक ने कुचल दिया। मृतक के दो बेटे और दो बेटियां हैं। सभी की शादी कर चुके हैं। फिलहाल वे कोलकाता में रहकर चाय-नाश्ता की दुकानें चलाते थे। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बालू लदे ट्रक को पकड़ लिया। हालांकि ट्रक चालक मौके से भागने में कामयाब हो गया। ट्रक को महुआ थाने की पुलिस ने जब्त कर लिया है और प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई में जुट गई है।



### गंगा पाथवे पर सड़क हादसा, 4 घायल, रुपए से भरी कैश वैन डिवाइडर से टकराई

**पटना।** पटना के गंगा पाथवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। एक कैश वैन कुम्हरारा से दीघा चेकपोस्ट में रुपए लेकर जा रहा था। इसी दौरान कैश वैन डिवाइडर से जा टकराई। वैन में सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार पहुंचे और हादसे का जायजा लिया। ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि आईसीआइसीआई बैंक का कैश वैन है। जो कुम्हरार से दीघा चेकपोस्ट में रुपए लेकर जा रहा था। इसी दौरान गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। इसमें ड्राइवर चितरंजन के सिर में गंभीर चोट लगी है। बाकी रामशंकर कुमार (गन मैन), कमलेश कुमार (गन मैन), लक्ष्मण यादव (लोडर) भी इस दुर्घटना में घायल हुए हैं। सभी को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। बता दें कि गाड़ी का नंबर BRO1GL5429 है। गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। ड्राइविंग सीट की ओर का हिस्सा ज्यादा क्षतिग्रस्त हुआ है। इस वजह से ड्राइवर को गंभीर चोट आई है।



### दानापुर में एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरी

**पटना।** पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात चोरों ने थाना क्षेत्र के बीबीगंज भट्ठा रोड स्थित एक बंद घर का ताला तोड़कर एक लाख से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर के तीन कमरों को आराम से खंगाला और फिर चोरी की। घर पर ताला बंद कर पूरा परिवार उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शादी समारोह में शरीक होने गया था। इस संबंध में गृहस्वामी ई रिक्शा चालक बमबम कुमार ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। बमबम ने बताया कि गोरखपुर मेरी पत्नी की मौसेरी बहन की बेटी की शादी थी। वो 20 अप्रैल को घर पर ताला लगाकर गए थे। मंगलवार की सुबह पूरे परिवार के साथ घर लौटा तो देखा घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ कुंडी में लटकाया हुआ है। जब घर के अंदर दाखिल हुआ तो पाया की घर के अंदर के तीनों कमरे का ताला टूटा हुआ है। बमबम के अनुसार, जब कमरे के अंदर देखा तो पाया कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। गोदरेज व आलमीरा का भी लॉक टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोरों ने आराम से सभी कमरे समेत गोदरेज व आलमीरा खंगाला। उन्होंने बताया कि चोरों ने एक सोने की अंगूठी, छह जोड़ी चांदी की पायल, दो चांदी का सिक्का, चार पीस नोजपीन के साथ ही तीस हजार नगद समेत अन्य कीमती सामान की चोरी हुई है। इस संबंध में दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने कहा कि चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।



### चोरों ने खिड़की तोड़ घर में चोरी की

**मुजफ्फरपुर।** मुजफफपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र के सिपाहीपुर गांव के मिथलेश राय के घर में बेखौफ चोरों का आतंक देखा गया। जहां चोरों ने खिड़की तोड़कर घर में घुसकर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। सीसीटीवी में चोरों की तस्वीर कैद हुई। मिथलेश कुमार ने बताया कुछ लोग एक पूजा में शामिल होने गए थे। घर पर मेरे दो बेटा था। इस दौरान चोरों ने खिड़की तोड़कर घर में घुस गया। इसके बाद चोरों ने घर में रखे नगद एक लाख रुपए और लगभग 7 लाख रुपए के जेवर चोरी कर लिए। वहीं, घर में मेरा बेटा दूसरे कमरे में सो रहा था। जिसे चोरी की घटना की कोई भनक नहीं लगी। सुबह जब देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की घटना की सूचना मिलने के बाद हमलोग घर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। इस दौरान पुलिस ने सीसीटीवी को खंगाल, जिसमें चोरों को आते जाते देखा गया है। अहियापुर थानेदार रोहन कुमार ने बताया कि चोरी के मामले में FIR दर्ज कर ली गई है। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया। जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।



### आग में झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत, कई लोग घायल

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में इन दिनों अगलगी की घटना हर दिन घटी रही है। इस दौरान शॉर्ट-सर्किट से अचानक आग लगी। हवा की वजह से आग चार घर में लग गई। आग बुझाने गई महिला की मौत हो गई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। पूरी घटना जिले सरैया थाना क्षेत्र के बखरा ब्रह्मपुरा गांव की है। जहां लालू पासवान के घर में शाम में अचानक शॉर्ट-सर्किट से आग लग गया। वहीं, जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया था। इसके बाद आसपास के चार घरों में आग पकड़ लिया। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए पूरी कोशिश की। इसमें कई लोग बुरी तरह झुलस गया। इसके बाद सूचना पर अग्निशमन टीम मौके पर पहुंचकर घंटों भर मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में झुलसे लोगों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। मंगलवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृत महिला रामप्रवेश पासवान की पत्नी सीता देवी के रूप में हुई है। सरैया थाना के पुलिसकर्मी ने बताया कि अगलगी की घटना में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन को शव दिया गया है। आगे हमलोग छानबीन कर रहे है।



# चिराग ने कहा- एकतरफा एनडीए के पक्ष में माहौल

## हनुमान लला के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे चिराग पासवान, बोले- अब जीत के मार्जिन पर लड़ाई

**एजेंसी, पटना।**

महावीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान हनुमान लला के दर्शन करने सिद्ध पीठ नवज्योति मंदिर बोरिंग रोड पहुंचे। दर्शन कर के बाहर निकले तो उन्होंने कहा- चुनाव में एकतरफा एनडीए के पक्ष में माहौल है। हर सीट पर अब जीत के मार्जिन को लेकर लड़ाई है। बड़े मार्जिन से एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत होगी। 40 की 40 सीटें प्रधानमंत्री के मिशन 400 पार में देने जा रहे हैं।



**महागठबंधन के वोटरों में उत्साह की कमी:** चिराग पासवान ने महागठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि महागठबंधन का जो वोटर है, उसमें उत्साह नहीं है। आज जो भी उत्साह है, प्रधानमंत्री के नाम पर है। पहले चरण के प्रचार प्रसार के लिए कांग्रेस का कोई बड़ा नेता प्रचार के लिए नहीं आया। इसी तरह से वामदल का कोई बड़ा नेता नहीं आया है। ये अपने में दर्शाता है कि इनलोगों का आपस में कोई तालमेल नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस और वामदल का कैडर क्यों बाहर निकलेगा। महागठबंधन का कोई चेहरा अब तक सामने नहीं आया है, आखिर कोई किस चेहरे पर वोट करेगा।

**विकास ही मुद्दा है:** चिराग ने कहा कि हमेशा से विकास ही मुद्दा रहा है। इस बार भी विकास ही मुद्दा है। महगठबंध के लोग जरूर जात पात में उलझाने की कोशिश करते हैं। लेकिन इसबार भी चुनाव में एनडीए का विकास ही एनडीए का मुद्दा है।

# पिस्टल से फायरिंग करते बनाया रिल्स, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी, हाजीपुर।**

वैशाली पुलिस ने दोनों हाथ में पिस्टल लेकर फायरिंग करते रिल्स बनाकर सोशल मीडिया पर डालने वाले युवक को चार घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया । वहीं उसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। युवक ने विडियो बनाकर जैसे ही इंस्टाग्राम पर डाला जिसे पुलिस ने चार घंटे के अंदर गिरफ्तार लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान तिसिऔता थाना क्षेत्र के डभैच गांव निवासी मनोज गिरी का पूत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। जिसकी जानकारी वैशाली पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया की तिसिऔता थानान्तर्गत डभैच गाँव के एक युवक ने अवैध हथियार के साथ समाज के लोगों को भयभीत करने, डर एवं दहशत पैदा करने के उद्देश्य से फायरिंग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था।

**फायरिंग करते वीडियो किया था पोस्ट:** इस संबंध में स्थानीय थाना को सत्यापन हेतु सूचित किया गया। जिसके बाद स्थानीय थाना के द्वारा उक्त फोटो/वीडियो के सत्यापन के लिए उक्त स्थल पर पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवक (सोनू कुमार) की तलाशी ली गई तो उसके पास से 01Realme कंपनी को मोबाइल फोन बरामद हुआ। जिसे चेक करने पर इनके मोबाइल में हथियार के साथ सूट किया गया, जिसमें फोटो वीडियो प्राप्त हुआ। इस संदर्भ में तिसिऔता थाना कांड सं0-43/24, दिनांक-23.04.2024, धारा-25 (9)/27 Arms Act &67 IT ACT दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



# राजद एमएलसी का चिराग पर तंज, बताया बिना पूंछ वाला हनुमान

**एजेंसी, हाजीपुर।**

वैशाली में MLC उर्मिला ठाकुर ने चिराग पासवान पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान बिना पूंछ वाले हनुमान हैं। दरअसल, वैशाली के एक होटल में महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उर्मिला ठाकुर ने चिराग पासवान और उनकी मां को लेकर टिप्पणी की। अब उनके बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। चिराग पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि उसने कभी गरीबी नहीं देखी, वह क्या किसी का दुख-दर्द समझेंगा। राजद एमएलसी ने कहा कि चिराग का जिस परिवार में पालन पोषण हुआ है, वहां उसने कुछ भी परेशानी नहीं देखी। चिराग अपने आप को किसी का हनुमान बताते हैं, लेकिन वह बिना पूंछ वाले हनुमान हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी मां दूसरे का घर उजाड़ने वाली महिला है। वह कभी दूसरे का दर्द नहीं समझ सकती है। उर्मिला ठाकुर ने कहा कि चिराग मौजूदा समय में एनडीए की गोद में जाकर बैठे गए हैं। उन्हें ईडी और सीबीआई से डर है। उनको नहीं पता कि जो डर गया, वह मर गया। बता दें कि महागठबंधन उम्मीदवार शिवचंद्र राम के लिए प्रचार करने आई थी। मौके पर कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



# पटना साहिब से मीरा कुमार के बेटे अंशुल को टिकट

## कांग्रेस की 9 सीटों में से 3 पर नेताओं के बेटों को मौका

**एजेंसी, पटना।**

कांग्रेस ने पटना साहिब की सीट पर मीरा कुमार के बेटे अंशुल अभिजीत को उतारा है। पार्टी ने आज नौंवी सीट के लिए कैंडिडेट की घोषणा कर दी। उनका मुकाबला बीजेपी सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद से है। इससे पहले तीन सीटों भागलपुर से अजीत शर्मा, कटिहार से तारिक अनवर और किशनगंज से मो. जावेद को टिकट दिया था। वहीं सोमवार को पांच सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी थी। अंशुल कुमार के नाम की चर्चा पहले से ही थी। गठबंधन में कांग्रेस को मिली 9 सीटों में से 3 पर सीनियर लीडर और मंत्री के बेटे को मौका मिला है। जिसमें अंशुल कुमार के अलावा नीतीश सरकार में मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सनी हजारी और प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र आकाश सिंह शामिल हैं।

**कांग्रेस को मिली नौ सीट:** कटिहार- कटिहार से पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता तारिक अनवर मैदान में हैं। उन्होंने शरद पवार के साथ मिलकर अलग पार्टी एनसीपी भी बनाई थी लेकिन फिर एनसीपी छोड़ वापस कांग्रेस में आ गए थे। पिछली बार उन्हें कटिहार में जेडीयू के दुलाल चंद गोस्वामी ने हरा दिया था। इस बार जेडीयू ने फिर से दुलाल चंद गोस्वामी को टिकट दिया है। तारिक अनवर पांच बार सांसद रह चुके हैं। वे फिर से जीतते हैं तो राजनीति को क्रिकेट में उनका छक्का होगा। उनकी भिड़ंत जेडीयू के दुलालचंद गोस्वामी से है। किशनगंज- किशनगंज से जेडीयू के प्रत्याशी मुजाहिद आलम हैं। यहां एआइएमआइएम के प्रत्याशी अख्तरुल ईमान भी मैदान में हैं। कांग्रेस ने यहां फिर से मो. जावेद को टिकट दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में मो. जावेद ने ही महागठबंधन की प्रतिष्ठा बचाई थी। उन्होंने जेडीयू के सैयद महमूद अशरफ को हराया था। भागलपुर-भागलपुर में कांग्रेस के अजीत शर्मा के सामने जेडीयू से अजय मंडल मैदान में हैं। अजय मंडल ने पिछले लोकसभा चुनाव में आरजेडी के शैलेश कुमार को हराया था। कांग्रेस ओबीसी के इलाके में भूमिहार जाति के अजीत शर्मा को उतारकर सोशल इंजीनियरिंग का बड़ा प्रयोग कर रही है। शर्मा भागलपुर से विधायक हैं। महाराजगंज- महाराजगंज में कांग्रेस आकाश प्रसाद सिंह के सामने बीजेपी के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह पहले को खुद को दूसरी बार राज्य सभा भेजने में सफल हुए और उसके बाद अपने पुत्र आकाश को महाराजगंज से टिकट दिलाने में सफल हुए। यहां से प्रभुनाथ सिंह के पुत्र रेस में थे लेकिन आकाश ने पिता की बदौलत टिकट की रेस जीत ली। पिछली बार यहां से सिग्रीवाल ने आरजेडी के रणधीर कुमार सिंह को हराया था। तब लालू प्रसाद के साला साधु यादव बीएसपी के टिकट पर मैदान में थे। 2014 में यहां सिग्रीवाल ने बाहबुली प्रभुनाथ सिंह को हराया था। 2019 में भी आकाश लोकसभा का चुनाव लड़े थे। उन्हें उपेन्द्र कुशवाहा ने पूर्वी चंपारण से आरएलएसपी का टिकट दिया था।



# पूर्व सांसद अरुण कुमार बीएसपी में हुए शामिल

**एजेंसी, पटना।**

जहानाबाद के पूर्व सांसद अरुण कुमार बीएसपी में शामिल हो गए हैं। पटना में उन्होंने बीएसपी की सदस्यता ली है। इससे पहले वे चिराग की पार्टी एलजेपी(आर) से जुड़े थे। टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दिया था। अरुण कुमार को बीएसपी में शामिल कराने में पार्टी के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार शर्मा का अहम भूमिका है। अशोक कुमार ने बताया कि अरुण कुमार जहानाबाद से बीएसपी की ओर से उम्मीदवार बन सकते हैं।

**खेसारी लाल यादव बोले- पवन सिंह को मेरी ओर से शुभकामनाएं, जल्द संसद भवन पहुंचे:** भोजपुरी सुपर स्टार खेसारी लाल यादव ने पवन सिंह को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने पटना एयरपोर्ट पर मंगलवार को कहा है कि मेरी शुभकामनाएं पवन सिंह के साथ है। हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द संसद भवन पहुंचे। वहां सिनेमा के लिए, शिक्षा के लिए, हमारी भाषा के लिए, लोगों के रोजगार के लिए आवाज़ उठाएं। जहां तक मदद होगी, हम उनके साथ हैं। वहीं, उन्होंने बीजेपी के 400 पार होने के सवाल पर कहा कि यह राजनीति विषय है, नेताओं का विषय है। मेरा विषय है बिहार का विकास करना। अगर हम लोग सभी मिलकर बात नहीं करेंगे तो मुझे नहीं लगता है कि बिहार के विकास के लिए कोई बात करेगा।



उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के विकास के लिए काम करें। हार जीत मायने नहीं रखता है।

**चिराग पासवान ने मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे पर साधा निशाना:** सांसद चिराग पासवान ने मंत्री महेश्वर हजारी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि यह वही लोग हैं, जिन्होंने अनुसूचित जाति को तोड़ा है। यह वही लोग हैं जो रामविलास के खिलाफ लगे रहे हैं। हमारी कम्युनिटी को तोड़ने में इन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। यह वही लोग हैं जिन लोगों ने हमारे समुदाय को तोड़ा है। निश्चित तौर पर यह चुनाव का समय है। जनता अवश्य फैसला करेगी। लेकिन हमें नहीं लगता है कि हमारे कम्युनिटी का कोई भी सदस्य उनके साथ जाएगा।

**सम्राट चौधरी ने समझाया राजद का मतलब:** डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने चिराग पासवान की मां को लेकर अपशब्द कहे जाने पर कहा कि देखिए यह आरजेडी की संस्कृति है। राजद दूसरे को गाली देने के लिए ही जाना जाता है। समाज के लिए कुछ काम नहीं करना है। लालटेन का मतलब ही है। लालू प्लस 10 इक्वल टू लालटेन।

**टिकट नहीं मिलने पर चिराग का साथ छोड़ा था**

**विजय सिन्हा ने पीएम के सपोर्ट में क्या कहा:** वहीं, पीएम मोदी के मंगलसूत्र वाले बयान के बाद सियासत गर्म हो गया है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने प्रधानमंत्री के बयान का समर्थन करते हुए कहा है कि कांग्रेस के द्वारा यह कहना कि देश के संसाधन पर सबसे पहला हक अल्पसंख्यक का है, किसी अपराध से कम नहीं है। इस देश के संसाधन पर सभी धर्म और समुदाय का हक हैं। प्रधानमंत्री ने गलत नहीं कहा है कि मंगलसूत्र पर हमला है। जनता इस चुनाव में ऐसे लोगो को सपाट जवाब देगी। भारतीय जनता पार्टी के सांसद और मुजफ्फरपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी अजय निषाद की मुलाकात प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के साथ एयरपोर्ट पर हुई। निषाद ने स्वागत के साथ-साथ पैर छूकर उनका आशीर्वाद भी लिया। इधर, कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में सभी लोगों के इनकम के सर्वे करने की बात की है।

# मोइन-उल-हक स्टेडियम बनेगा क्रिकेट कॉम्प्लेक्स

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) ने पटना के मोइन-उल-हक स्टेडियम को मॉडर्न स्पोर्ट्स हब में बदलने का फैसला लिया है। इससे राज्य में खेल के नए युग की शुरुआत होगी। 2024 के लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद क्रिकेट कॉम्प्लेक्स परिसर बनाने के लिए समझौते के कागजातों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इनमें मुख्य तौर पर दो स्टैंडर्ड साइज के मैदान शामिल होंगे। इनमें एक मुख्य क्रिकेट स्टेडियम होगा और दूसरा बोर्ड मैचों और अन्य मुकाबलों की सुविधा के लिए होगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस क्रिकेट कॉम्प्लेक्स परिसर में सबसे एडवांस तकनीक वाला क्लब हाउस, कॉर्पोरेट बॉक्स और हॉस्पिटैलिटी लाउंज होगा। मुख्य स्टेडियम में बीसीसीआई अध्यक्ष/सेक्रेटरी बॉक्स, मेम्बर्स गैलरी, जनरल गैलरी और 40 से 50 हजार दर्शकों के बैठने के लिए स्टैंड्स होंगे। इसके अलावा कैंटीन और पांच सितारा सुविधाओं वाले 50 से 60 कमरे भी होंगे। मोइन-उल-हक स्टेडियम में घरेलू और बाहरी दोनों टीमों के लिए ड्रेसिंग रूम, फिजियो मसाज रूम, मनोरंजन और रिफ्रेशमेंट के लिए भी जगह रहेगी। इसके अलावा इनडोर क्रिकेट प्रैक्टिस एरीना, स्विमिंग पूल, दिन और रात में आउटडोर प्रैक्टिस की सुविधा रहेगी। इसके अलावा ड्रेनेज सिस्टम और पानी स्टोरेज करने के सिस्टम भी होगा। इसमें पर्याप्त जल व्यवस्था, आसानी से प्रवेश और निकास के लिए गेट होंगे।



# संजय बने भारतीय वॉलीबॉल सीनियर पुरुष टीम के कोच

**एजेंसी, पटना।**

44 वर्षीय संजय बिहार पुलिस में सब-इंस्पेक्टर रैंक पर हैं। वह पिछले 10 सालों से बिहार पुलिस के चीफ वॉलीबॉल कोच के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वह बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के साथ मिलकर पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बच्चों को वॉलीबॉल की ट्रेनिंग भी दे रहे हैं।

**छपरा के संजय ने पटियाला में ली ट्रेनिंग:** संजय छपरा के रहने वाले हैं। उनकी सारी पढ़ाई-लिखाई छपरा से ही हुई है। जब वह इंटर कर रहे थे, तभी वह बिहार पुलिस के लिए बहाल हो गए थे। उन्होंने ग्रेजुएशन बैचलर्स इन आर्ट्स से किया है। फिर उन्हें बिहार पुलिस की तरफ से पटियाला ट्रेनिंग के लिए भेजा गया। पटियाला से उन्होंने 2007-2008 में वॉलीबॉल स्पोर्ट्स कोचिंग में डिप्लोमा भी किया है। बिहार पुलिस में नौकरी के बाद वह पटना आए और तब से यहीं पर कार्यरत हैं।




**वॉलीबॉल के लिए ग्राउंड तो था पर अच्छी कंडीशन नहीं:** संजय ने बताया कि वह ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े हैं। उनके गांव में वॉलीबॉल का खेल होता था, जिसे देखकर ही उन्हें इस खेल में दिलचस्पी जागी। वह क्लास 8 से ही गांव में वॉलीबॉल खेलना शुरू कर चुके थे। वह अपने गांव मुकरेरा में प्रैक्टिस करते थे, जो छपरा से 4 किलोमीटर दूर था। उनके गांव में वॉलीबॉल के लिए ग्राउंड तो था पर अच्छी कंडीशन नहीं थी।

# कूलर की हवा में सो रहा शेर, चिपांजी के लिए नारियल-पानी, पटना जू में जानवरों के लिए विशेष इंतजाम

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इस गर्मी में इंसान के साथ-साथ जानवर भी बेहाल हैं। इसे देखते हुए पटना जू प्रशासन की ओर से जानवरों की देखभाल के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। भीषण गर्मी में बाघ और शेर की गुफाओं में ठंडी हवा के लिए कूलर लगाए गए हैं। वहीं, पक्षियों के बाड़े में तपिश कम करने के लिए वाटर स्प्रिंकलर के इंतजाम किए गए हैं।

**शेर के पिंजरे के फर्श को पानी से गिला किया जा रहा:** तेंदुआ, भालू, चिंपांजी के लिए नाइट हाउस में फैन की व्यवस्था गई है। बाघ, तेंदुआ और शेर के पिंजरे में फर्श को पानी से लगातार समय-समय पर गिला किया जा रहा है। जानवरों को धूप से बचाने के लिए शेड की भी व्यवस्था की गई है। लू और गर्म हवा से बचने के लिए बाड़े को पुआल से ढंका गया है। जानवरों के पीने का पानी भी समय-समय पर बदला जा रहा है।



**चिपांजी को दिया जा रहा नारियल पानी:** जू में जानवरों को ना सिर्फ गर्मी से राहत दी जा रही बल्कि उनके खान-पान में भी बदलाव किया गया है। रेंज ऑफिसर आनंद कुमार ने बताया कि हरा चारा, मौसमी फल जैसे तरबूज, अंगूर, डाभ जानवरों को दिया जा रहा है। चिपांजी को हर रोज नारियल पानी पिलाया जा रहा है। हाथी को केले का थंब दिया जा रहा है।

● **धूप से बचाने के लिए शेड की भी व्यवस्था**

**फर्श को पानी से समय-समय पर गिला किया जा रहा:** उन्होंने आगे कहा कि जानवरों के व्यवहार पर भी नजर रखी जा रही है। पानी में ग्लूकोज और मल्टीविटामिन की गोली मिलाकर दी जा रही है। ताकि उनकी ऊर्जा कायम रहे और गर्मी का प्रभाव ना पड़े।

# डीएम ने बगहा में मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने मंगलवार को बगहा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों हेतु विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। भ्रमण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजकीय प्राथमिक विद्यालय,मलपुरवा में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 111, 112, 113, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, उर्दू, रत्नमाला में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 107, 109, रामनरेश राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बुधवारिया में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 84, 85, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गौरैयापट्टी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 93, 94,95, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, वाणी पट्टी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 96, 97, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बबुई टोला में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या



- **बूथों पर मानक के अनुरूप व्यवस्था कराने का दिया निर्देश**

82, 83 पहुँचे और लोक सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए। उन्होंने निर्देश दिया कि दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गए रैम्प का निर्माण मानक के अनुरूप कराया जाय, ताकि दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओ को कोई असुविधा नहीं ही। साथ ही मतदान केन्द्रों पर वेटिंग रूम, आवश्यकतानुसार शेड, बेंच, कुर्सी, शौचालय, पंखा, पेयजल, बिजली, व्हील चेयर सहित वेबकास्टिंग के लिए अतिरिक्त सॉकेट, यदि मतदान केंद्र में दो द्वार हो तो एक पर प्रवेश और दूसरे पर निकास का लेखन, बूथ का दीवार लेखन आदि कार्य समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिया कि समय पर मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त होते ही समय पर उसका वितरण करा देंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रॉस वेरिफिकेशन कराएंगे। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों को मतदाताओ से फीडबैक लेने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विद्यालय प्रभारी को रसोईओ को निर्देशित करने का निर्देश दिया ताकि मतदान दिवस को भुगतान के आधार पर मतदान कर्मियों को भोजन उपलब्ध कराया जा सके। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रतनमाला उर्दू मतदान केंद्र निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि खुले नाली को ढकवाने की व्यवस्था की जाय। साथ ही मतदाताओं के आने-जाने के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वृद्ध (85+) मतदाताओ के लिए ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था की जाएगी। होम वोटिंग की भी व्यवस्था होगी। दो बार बीएलओ वृद्ध (85+) मतदाताओं के यहां जाएंगे, नहीं मिलेंगे तो वोट नहीं दे पाएंगे। होम वोटिंग के लिए रुट चार्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि 85+ के मतदाताओं को उनके घर पर ही मत का प्रयोग करने की सुविधा दी जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोक सभा आम निर्वाचन के दौरान 25 मई को अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग कर सकें इसके लिए मतदाताओ को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसलिए सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, बी एल ओ, अपने क्षेत्र का लगातार भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बगहा, सुशांत कुमार सरोज, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह सहित बीडीओ, सीओ, बीईओ, बगहा-01 एवं 02 उपस्थित रहे।

# सीएचसी मैनाटांड़ में भाभ्या एप्प का श्री गणेश

चाण्क्य भूमि(अक्षय आनंद)

**मैनाटाड़**।मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भव्या हेल्थ ऐप का शुभारंभ किया गया ।इस अवसर पर डा० अमरेंद्र कुमार,डॉ० आफरीन सहर बानो ,जीएनएम प्रमोद कुमार ,अमरेंद्र कुमार ,मधु कुमारी ,सीमा कुमारी,शहजाद मंसूर,मो० मुस्तकीम आदि मौजूद रहें। सीएचसी प्रभारी डॉ विजय कुमार चौधरी ने बताया कि भव्या एप्लिकेशन से स्वास्थ्य सेवा पेपरलेस होगी। इसके डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा मिलेगा। इससे मरीज और कर्मी सभी को सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि इससे एक प्लेटफॉर्म पर रोगियों का सभी जरूरी डाटा संग्रह होगा। भव्या ऐप पर निबंधन के लिए लाभुक को आधार नंबर व



उदघाटन करते सीएचसी प्रभारी बिजय चौधरी

- **स्वास्थ्य सेवा होगी पेपरलेसः डॉ.विजय चौधरी**

उससे लिंक्ड मोबाइल नंबर बताना होगा। इससे किसी भी सरकारी अस्पताल में इलाज पर रोगी की जानकारी अद्यतन रहेगी। मरीज की पूरी मेडिकल हिस्ट्री जिसमें पूर्व की बीमारी, जांच, दी गई दवा व बीमारी की प्रकृति सहित सभी संबंधित जानकारी दर्ज होगी। इससे रोगी के इलाज में सुविधा होगी।

# वाहन चेकिंग में चोरी की बाइक के साथ शातिर गिरफ्तार

चाण्क्य भूमि(अक्षय आनंद)

**मैनाताड़** ।मंगलवार को इनरवा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया।जानकारी इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक की जांच की गयी तो उसका कागजात गलत निकला। नतीजतन बाइक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बाइक चालक नेपाल के परसा जिला अंतर्गत रविदास गांव का रहने वाला संजय साह है। जिसके विरुद्ध केस दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में बेतिया भेजा गया। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग अभियान में तेजी आयी है।




जब्त चोरी की बाइक

# बेख़बरा व करमवा में अगलगी में 08 घर जले

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**। मंगलवार का दिन मझौलिया में अगलगी के नाम रहा। आग का तांडव अलग अलग जगहों पर देखने को मिला।08 घर जलकर नष्ट हो गये। बेखबरा बिनटोली में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में अमेरिका पासवान , राजेश पासवान , अमिताभ पासवान तथा उमेश पासवान का घर जलकर नष्ट हो गया।जानकारी वार्ड सादस्य भागीरथ पासवान ने दी।इसके अलावे करमवा हजाम टोली में अमीर महतो एवं चन्द्रिका महतो समेत चार लोगों का घर बिजली के शॉर्ट सर्किट में जलकर राख हो गया। रतनमाला में भिखारी महतो का घर जलकर राख हो गया।आग की लपटे इतनी तेज थी कि देखते ही देखते आग ने कपड़ा, बर्तन, गहना, अनाज, फर्नीचर नगदी साइकिल आदि सब कुछ पूरी तरह जलकर राख हो गया।आग की लपटे इतनी तेज था कि गांव के लोग जमा हो



- **अग्निशमन के प्रयास से आग पर पाया गया काबू**

गये। पछुआ हवा के कारण आग पसर गया।विकराल रूप देख कर ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी।अग्निशमन दस्ता और ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।तब तक काफी देर हो चुका था।आग लगी कि इस घटना में लाखों का नुकसान हुआ है।पड़ित परिवार ने अंचल प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।संबंध में अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि क्षति का आकलन कर अग्नि पीड़ित परिवार को मुआवजा दी जायेगी।

# सिविल सर्जन ने किया कर्मचारी को निलंबित

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

**मैनाटांड़** प्रखंड के सी एच सी समुदायिक प्रथिमिक स्वास्थ्य केंद्र के एक कर्मचारी को सरकारी आदेश का उलंघन करने के आरोप में सिविल सर्जन ने निलंबित कर दिया है । इस सम्बंध में मैनाटांड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी विजय कुमार चौधरी से पूछने पर बताया की उन्हें इस सम्बंध में हमे ज्यादा जानकारी उपलब्ध नही है। उन्होंने सिर्फ इतना कहा की जिला के द्वारा निलंबित किया गया है । मैनाटांड़ सी एच सी सामुदायिक प्रथिमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुकेश कुमार को सरकारी आदेश के उलंघन के आरोप में सी एस ने निलंबित कर दिया है ।

# जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा

**प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार मे भाजपा और उसके सहयोगी दलों के उनतालीस सांसद होने के बाबजूद बिहार के बेरोजगार लोग भेड़-बकरी की तरह ट्रेन में लदकर रोजगार खोजने जाते हैं अगर मोदी बिहार में फैक्ट्री लगाते तो बिहारी दूसरे राज्यों में क्यों जाते**



चाणक्य भूमि बेतिया

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि आप लोगों ने अपने बच्चों को पेट काट-काट कर बड़ा किया, जैसे ही उनके 20-25 साल हुए वैसे ही यहां के जवान लड़कों को भेड़-बकरी की तरह ट्रेनों और बसों में लादकर मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों में भेज दिया जाता है। बिहार के लोगों ने 40 में से 39 सांसद मोदी के लिए जिताकर लाए पर क्या उन्होंने बिहार के विकास के लिए एक बैठक तक भी करना जरूरी समझा? प्रशांत किशोर ने कोरोना की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन से उपजी भयावह स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा कि आप लोगों ने कोरोना के समय पर देखा कि जिन बिहार के मजदूरों को दूसरे राज्यों के लोगों ने मारकर भाग दिया था उन्हीं मजदूरों को ट्रेन से, बसों से और हवाई जहाज का टिकट देकर लॉकडाउन हटने के बाद वापस बुलाया गया। आप बिहार के लोगों ने कभी सोचा कि बिहार के मजदूरों को ही आखिर क्यों बुलाया गया? क्या तमिलनाडु, केरल और सूरत में मजदूर नहीं हैं? वहां भी मजदूर हैं लेकिन वहां के मजदूर 35 हजार रुपये महीना लेता है और बिहार का गरीब लड़का जाकर 12-15 हजार रुपये में काम कर रहा है। तो मोदी बिहार में फैक्टरी क्यों लगाएंगे? जब सस्ते रेट पर बिहार के मजदूर दूसरे राज्यों में मिल रहे हैं।

# इंडिया गठवन्धन से पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी को प्रत्याशी बनाये जाने का स्वागत



प्रत्याशी बनाये जाने पर जनसंपर्क तेज

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**।बेतिया लोक सभा संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी को इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी घोषित किये जाने का मझौलिया प्रखण्ड कांग्रेस से स्वागत किया है।प्रखण्ड अध्यक्ष कलीमुल्लाह उर्फ कलीम भाई ने इसे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बधाई दी है तथा कहा है कि पूर्व विधायक श्री तिवारी का चयन सही दिशा।में सही कदम है।श्री तिवारी एक जमीनी नेता है।सभी लोगों की हितैषी है।उन्होंने इंडिया गठवन्धन के इस निर्णय का स्वागत किया है।इधर उम्मीदवारी की घोषणा करते ही श्री मदन मोहन तिवारी ने जनसंपर्क तेज कर दिया है।सोमबार को उन्होंने कई मांगलिक समारोह में शामिल होकर आशीर्वाद मांगा।

# गहिरी मन में अज्ञात युवती का शव मिला



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**। गहिरी मन में मंगलवार की शाम में एक अज्ञात युवती का शव मिला।सूचना पर पहुंचे नौतन थानाध्यक्ष राजेश कुमार, दरोगा सुशील कुमार सिंह व पीएस आई

- **पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा**

उमलेश कुमार यादव ने शव को गहिरी मन से बाहर निकाला,और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेजा। शव को देखने लोगों की भीड़ उमड़ी।


































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714